हरिभूमि

जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार 23 अक्टूबर 2026

तापमान

अधिकतम 31.6 डिग्री
न्यूनतम 17.7 डिग्री

12 20 घंटे से बिजली गुल, ब्लैकआउट की स्थिति बनी, जनजीवन पर बुरा असर...



12 वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान को लेकर कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन...



खबर संक्षेप

मकान का ताला तोड़कर कब्जा करने का आरोप

यमुनानगर। शहर की छोटी लाइन कमला नगर में मकान का ताला तोड़कर कब्जा करने के आरोप में पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार शहर के ग्रीन पार्क निवासी रोहित आर्य ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका छोटी लाइन कमला नगर में मकान है। उसका मनीष कुमार व मोहित कुमार के साथ मकान को लेकर झगड़ा चल रहा है। 20 अक्टूबर को आरोपी मनीष कुमार व मोहित कुमार ने नूपुर, पूनम रानी व सुरेंद्र के साथ मिलकर मकान पर लगे ताले को तोड़ दिया और कब्जा करने का प्रयास किया।

बहला-फुसला कर महिला के साथ किया दुष्कर्म

यमुनानगर। युवक द्वारा महिला को बहला फुसला कर थाना छप्पर क्षेत्र में ले जाकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने महिला को इस बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार शहर यमुनानगर की एक कालोनी निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी रिंकू गुर्जर के साथ जान पहचान थी। आरोपी उसे 19 अक्टूबर को बहला फुसला कर अपने साथ थाना छप्पर क्षेत्र में ले गया। जहां आरोपी ने उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया।

जानलेवा हमला करने वाला युवक पकड़ा

पानीपत। थाना किला पुलिस ने ओमकार पुत्र जुगल किशोर निवासी राजाखेड़ी जिला पानीपत पर जान लेवा हमला करने के आरोपी सुहैल पुत्र हबीबु रहमान निवासी विद्यानन्द कालोनी, पानीपत को जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लाकर उसे गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में ओमकार की शिकायत पर थाना किला में केस दर्ज है।

चोरी के जेवर खरीदने वाला पकड़ा

पानीपत। सीआईए टू पुलिस ने चंदन व कर्ण द्वारा छीनी गई चेन को खरीदने के आरोपी बाल किशन उर्फ सेंटी पुत्र हरिराम निवासी तहसील कैंप पानीपत गिरफ्तार किया है। इस मामले में थाना सेक्टर 13/17 में रविंद्र कुमार पुत्र राजपाल निवासी गांव निजामपुर जिला पानीपत की शिकायत पर केस दर्ज है।

मंडियों में धान की आवक तेज

पानीपत। उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला की विभिन्न मंडियों में 21 अक्टूबर तक कुल 1500482 मीट्रिक टन धान की आवक हुई। इसमें से 12008.0 मीट्रिक टन धान पी.आर. तथा 1509 किस्म की 137359.0 मीट्रिक टन धान, सरबती 7 मीट्रिक टन, बासमति/1121 धान 665.3 मीट्रिक टन व मुच्छल 43 मीट्रिक टन धान की आवक हुई है।

मीटिंग में निगम कमिश्नर स्ट्रीट लाइटों को लेकर नहीं दे पाए संतोषजनक जवाब

अफसरों की लापरवाही उजागर सांसदों ने लगाई फटकार

सरपंच बोला बीडीपीओ ने छेड़छाड़ का केस दर्ज करवाने की दी धमकी

सांसदों ने रवैये पर जताई हैरानगी, एमपीलैड का काम न करने वाले अफसरों को कार्रवाई की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की मीटिंग में वीरवार को कई अफसरों को सांसदों ने फटकार लगाई। सांसदों के सवालों का अफसरों के पास कोई जवाब नहीं थे। इसी वजह से सांसद अफसरों के रवैये से बेहद परेशान नजर आए। मीटिंग का आयोजन अंबाला शहर के पंचायत भवन में किया गया। इसमें लोकसभा सांसद वरुण चौधरी ने अध्यक्ष के तौर पर तथा सह अध्यक्ष के तौर पर राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने शिरकत की। दोनों सांसदों ने केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस दौरान मेयर अक्षिता सैनी, नगर निगम कमिश्नर वीरेंद्र सहरावत, सीईओ जिला परिषद गगनदीप, आरटीए सुशील कुमार, एसडीएम सतिंद्र सिवाच, एसडीएम कनिका गोयल, एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम शिवजीत भारती भी मौजूद रही।

धमकी देने वाली बीडीपीओ को फटकार

मीटिंग के दौरान गांव बालापुर के सरपंच ने बीडीपीओ पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने मीटिंग में बताया कि बीडीपीओ उन्हें डेढ़ साल से सिग्नेचर पॉवर नहीं दे रही। इसकी वजह से गांव में विकास कार्य नहीं हो पा रहे। सरपंच का आरोप है कि एक बार तो बीडीपीओ ने उन्हें छेड़छाड़ का केस दर्ज करवाने की बात कहकर जेल भेजने की धमकी तक दी। इन आरोपों पर राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा बेहद नाराज दिखे। उन्होंने बीडीपीओ के बर्ताव पर आपत्ति जताते हुए कड़ी फटकार लगाई। कहा कि सरपंच जनप्रतिनिधि है। ऐसे उसकी सिग्नेचर पॉवर नहीं रोकी जा सकती।





अंबाला। दिशा की मीटिंग में लोगों की समस्याएं सुनते लोकसभा व राज्यसभा सांसद।

स्ट्रीट लाइटों के बारे में नहीं बता पाए कमिश्नर

मीटिंग के दौरान राज्य सभा सांसद कार्तिकेय शर्मा व सांसद वरूण मुलाना ने अंबाला शहर नगर निगम एरिया में स्ट्रीट लाइटों लेकर कमिश्नर वीरेंद्र सहरावत से सवाल किए। मगर वे सांसदों के किसी भी सवाल का जवाब नहीं दे पाए। कमिश्नर के रवैये पर भी सांसदों ने बेहद नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि पूरा शहर अंधेरे में डूब रहा है। पुरानी स्ट्रीट लाइटों को लेकर भी कमिश्नर कोई जवाब नहीं दे पाए।

टीबी मुक्त अभियान को लेकर हुई चर्चा

लोकसभा सांसद वरुण चौधरी ने बैठक के दौरान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत सरकारी अस्पतालों में डिलीवरी से सम्बन्धित रिपोर्ट के साथ-साथ टीबी मुक्त अभियान, निक्षय पोषण अभियान, आभा आईडी के तहत जो कार्य एवं गतिविधियां की जा रही है उसकी समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत सभी को मिलकर कार्य करना है। आभा आईडी के तहत उन्होंने कहा कि जहां उसका पंजीकरण किया जाना है वहीं उसका डाटा रखना भी बेहद आवश्यक है। प्रधानमंत्री जनऔषधि के तहत उन्होंने पीएचसी व सीएचसी लैवल पर भी यह सैंटर खोलने बारे कहा ताकि लोगों को इस सुविधा का लाभ मिल सके। डिजिटल इंडिया-अटल सेवा केंद्र के विषय पर जिला प्रबंधक को निर्देश दिए कि किसी भी सीएचसी सेंटर पर निर्धारित शुल्क से ज्यादा शुल्क न लिया जाए, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। अधिकारी समय-समय पर इन केन्द्रों का निरीक्षण कर वहां की वास्तविकता भी जांचे। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी सेंटर पर निर्धारित रेट से ज्यादा की शुल्क लेने की शिकायत सामने आए तो जांच करते हुए तुरंत कार्रवाई की जाए। स्वच्छ भारत मिशन के तहत सफाई व्यवस्था से जुड़े विषय पर उन्होंने विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विकसित भारत गारंटी फोर रोजगार एवं आजीविका मिशन योजना के तहत भी उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर सशक्त बनाए जाने के कार्य की सराहना की। समग्र शिक्षा योजना के तहत उन्होंने सभी स्कूलों में शौचालयों की बेहतर व्यवस्था हो इसके लिए कमेटी बनाकर स्कूलों का निरीक्षण करने बारे भी कहा। इस मौके पर राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि सरकार की जितनी भी योजनाएं क्रियान्वित है, वे सभी जिला प्रशासन की वेबसाइट पर सभी अंकित होनी चाहिए ताकि आमजन को योजनाओं की जानकारी ले पाए।

निर्माण गुणवत्ता पर उठे सवाल

1700 करोड़ के रिंग रोड में पुरानी व टूटी ईंटों का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

करनाल में करीब 1700 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे रिंग रोड प्रोजेक्ट के निर्माण की गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। झिवरेहड़ी गांव के पास रेलवे लाइन के नजदीक जमीन से ओवरब्रिज तक यात्रियों के लिए बनाई जा रही सीढ़ियों में पुरानी, टूटी और कथित तौर पर निम्न गुणवत्ता की ईंटें लगाने के आरोप लगे हैं। मौके पर मीडिया टीम पहुंची तो निर्माण में लगे मजदूर काम छोड़कर दूसरी जगह जाकर बैठ गए।

ग्रामीणों का आरोप है कि सीढ़ियों का ढांचा कंक्रीट से तैयार किया गया है, जबकि स्टेप बनाने के लिए इस्तेमाल की जा रही कुछ ईंटें पुरानी और टूटी हुई दिखाई दे रही हैं। निर्माण स्थल पर मौजूद लोगों ने सामग्री की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए संबंधित विभाग और ठेकेदार की जवाबदेही तय करने की मांग की है।

घरौंडा के एसडीएम अनुभव मेहता ने मामले की जानकारी मिलने की पुष्टि करते हुए बताया कि फोटो-वीडियो संबंधित अधिकारियों को भेजे गए हैं, ताकि निर्माण सामग्री की जांच कराई जा सके। उन्होंने कहा कि जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि निर्माण कार्य कौन करा रहा है और इसके लिए जिम्मेदार एजेंसी या अधिकारी कौन हैं।



करनाल। झिवरेहड़ी के पास रिंग रोड से जुड़े निर्माण में इस्तेमाल की जा रही पुरानी और टूटी ईंटें।

करनाल रिंग रोड निर्माण पर जिम्मेदारी को लेकर असमंजस

मामले को लेकर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारी एमएस यादव से भी फोन पर बात की गई। उन्होंने मौके की फोटो भेजने को कहा और निर्माण कार्य की जांच कराने की बात कही। बताया गया कि यह काम एनएचएआई का नहीं, बल्कि रेलवे विभाग से संबंधित है। ऐसे में निर्माण की वास्तविक जिम्मेदारी किस विभाग या एजेंसी की है, इसकी स्थिति जांच के बाद ही साफ होगी। करनाल का आउटर रिंग रोड शहर को यातायात के दबाव से राहत देने वाली महत्वपूर्ण परियोजना है। करीब 34.5 किलोमीटर लंबे रिंग रोड को 23 गांवों से होकर निकाला जा रहा है। परियोजना की कुल लंबाई करीब 34.5 किलोमीटर और सड़क निर्माण की लागत करीब 997.11 करोड़ रुपये बताई गई है, जबकि भूमि अधिग्रहण सहित परियोजना की कुल लागत करीब 1700 करोड़ रुपये है। यह सड़क शामगढ़ गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-44 से शुरू होकर साम्भली गांव के पास करनाल-मुनक रोड तक जाएगी।

कुरुक्षेत्र में दो सड़क हादसे, कहीं डिवाइडर तो कहीं चौक से टकराए भारी वाहन

- राजेंद्र नगर के समीप ट्रक ने डिवाइडर की ग्रिल तोड़ी, जाट धर्मशाला के सामने ट्राला चौक से भिड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

धर्मनगरी में अलसुबह दो अलग-अलग स्थानों पर भारी वाहन हादसों का शिकार हो गए। पिपली-थर्ड गेट मार्ग पर रेलवे फ्लाईओवर के समीप राजेंद्र नगर के पास एक ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। वहीं, दूसरी घटना में जाट धर्मशाला के सामने एक ट्राला चौक से जा भिड़ा। दोनों हादसों में सड़क पर लगे ढांचों को नुकसान पहुंचा, जबकि ट्राला चालक सुरक्षित रहा। पहली घटना रेलवे फ्लाईओवर पर पिपली-थर्ड गेट मार्ग की है। राजेंद्र नगर के समीप अलसुबह एक ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। टक्कर के कारण डिवाइडर पर लगी लोहे की ग्रिल टूट गई और ट्रक भी क्षतिग्रस्त हो गया। इसके अलावा आसपास की दुकानों के बाहर लगे फ्लेक्स को भी नुकसान पहुंचा। हादसे के बाद मौके पर क्षतिग्रस्त डिवाइडर और ट्रक दिखाई दिए। दूसरी घटना जाट धर्मशाला, कुरुक्षेत्र के सामने हुई। बताया जा रहा है कि अलसुबह चालक को नींद की झपकी आने के कारण ट्राला अनियंत्रित हो गया और चौक से जा टकराया।





कुरुक्षेत्र। छज्जे व चौक से टकराते ट्रक का दृश्य।

तरावड़ी में बिजली गुल, ब्लैकआउट जैसे हालात

- पानी की किल्लत से जूझ रहे शहरवासी, बच्चे स्कूल जाने से वंचित; हेल्पलाइन पर शिकायतों के बावजूद समाधान नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी

हरियाणा में बिजली कर्मचारियों की हड़ताल का असर अब आमजन के जीवन पर दिखाई देने लगा है। हड़ताल के पहले ही दिन तरावड़ी शहर में बिजली व्यवस्था चरमरा गई है। शहर में रात 12 बजे से बिजली गुल होने के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली न होने से घरों में अंधेरा छाया हुआ है, वहीं पानी की किल्लत ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। बिजली आपूर्ति ठप होने के कारण घरों में लगी पानी की टंकियां खाली हो चुकी हैं। इसका सीधा असर बच्चों की दिनचर्या पर पड़ा है और कई बच्चे पानी की व्यवस्था न होने के कारण स्कूल जाने से वंचित रह गए। वहीं, घरों में पानी की कमी के चलते रसोई का कामकाज भी प्रभावित हुआ है। हालात ऐसे बन गए हैं कि लोगों को पीने के पानी के लिए भी बाजार पर निर्भर होना पड़ रहा है।

इनवर्टर भी देगए जवाब बाजार से खरीदा पानी

शहरवासी कपिल, अमित, राजेश, वाग्रहणी, सुनीता और रोशनी सहित अन्य लोगों ने बताया कि रात से ही बिजली नहीं आ रही है। लंबे समय तक बिजली गुल रहने के कारण इनवर्टर भी जवाब दे चुके हैं। घरों में न तो पर्याप्त रोशनी है और न ही पानी की उपलब्धता। लोगों को दैनिक जरूरतों को पूरा करने के लिए भी परेशानी झेलनी पड़ रही है। कई परिवारों को पीने के लिए बाजार से पानी खरीदना पड़ रहा है।

हेल्पलाइन पर शिकायतों के बावजूद राहत नहीं

शहरवासियों का कहना है कि प्रशासन की ओर से जारी हेल्पलाइन नंबर पर कई बार शिकायत दर्ज करवाई जा चुकी है, लेकिन इसके बावजूद बिजली की समस्या का समाधान नहीं हुआ। लोगों में इस बात को लेकर नाराजगी है कि शिकायत करने के बाद भी उन्हें राहत नहीं मिल रही है। शहरवासी रामकुमार ने सवाल उठाते हुए कहा कि जब शिकायतों पर सुनवाई ही नहीं होनी है तो हेल्पलाइन नंबर जारी करने का क्या फायदा? उन्होंने प्रशासन से मांग की कि बिजली आपूर्ति जल्द से जल्द बहाल की जाए, ताकि लोगों को पानी और रोशनी जैसी बुनियादी जरूरतों के लिए परेशान न होना पड़े। शहरवासियों ने प्रशासन से अपील की है कि बिजली कर्मचारियों की हड़ताल के बीच आमजन को राहत देने के लिए तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। लोगों को आशंका है कि यदि जल्द बिजली बहाल नहीं हुई तो उन्हें एक बार फिर पूरी रात अंधेरे और पानी की किल्लत के बीच गुजारनी पड़ सकती है।

अवैध देसी पिस्तौल एक जिंदा कारतूस के साथ युवक काबू

- आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस ने शुरू की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिला पुलिस की एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल की टीम ने राझेड़ी पुल के पास से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध देसी कट्टा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। सेल के इंचार्ज राजेश कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली कि एक युवक राझेडी पुल के पास अवैध हथियार के साथ घूम रहा है। इस सूचना के आधार पर मुख्य सिपाही लाभ सिंह, रविंदर, संदीप, योगेश व नरेश की एक टीम का गठन किया गया। टीम ने तुरंत मौके पर जाकर एक युवक को काबू किया। तलाशी लेने पर जिसके पास एक देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। जिसकी पहचान गांव भगवानपुर निवासी रोहित उर्फ सेठ के नाम से हुई। आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इंचार्ज ने बताया कि आरोपी पर पहले भी चोरी के करीब एक दर्जन मुकदमे दर्ज है।

पानीपत में 200 करोड़ की 14.75 एकड़ सरकारी भूमि हड़पने का मामला

लोकायुक्त ने डीजीपी विजिलेंस ब्यूरो से जांच रिपोर्ट तलब की

- एसपी की जांच में शिकायतकर्ता के आरोपों की पुष्टि के बाद लोकायुक्त ने दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत में 14.75 एकड़ सरकारी भूमि को हडपने के आरोपों की जांच करके सात दिसंबर तक जांच रिपोर्ट पेश करने के आदेश दिए हैं। यह आदेश करने से पहले लोकायुक्त द्वारा लोकायुक्त कोर्ट के पुलिस अधीक्षक से कराई गई जांच में भी शिकायतकर्ता के आरोपों की पुष्टि पाई गई। शिकायतकर्ता एवं आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर ने गत 27 फरवरी को लोकायुक्त जस्टिस हरिपाल वर्मा को सबूतों सहित शिकायत देकर पूर्व केंद्रीय मंत्री चौ.चांद राम की बहू पर भूमाफिया से मिलकर दलितों, पिछड़ों के तकनीकी संस्थान के लिए पुनर्वास विभाग द्वारा आबंटित 14.75 एकड़ भूमि को हड़पने आरोप लगाया है। कपूर ने आरोप लगाया कि करीब 200 करोड़ रुपए कीमत की इस भूमि को हड़पने की साजिश को पर्दे के पीछे एक बड़े भाजपा नेता का भी संरक्षण है। इसीलिए जिला प्रशासन और पुनर्वास विभाग ने कोई कारवाई नहीं की।

यह है मामला

आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर ने शिकायत में आरोप लगाया कि पूर्व केंद्रीय मंत्री चांद राम की बहू आदि ने भूमि माफिया से मिलकर फर्जी दस्तावेजों से पानीपत में 200 करोड़ रुपए से ज्यादा मूल्य की 14.75 एकड़ भूमि हड़पने का फर्जीवाड़ा किया है। शिकायत में बताया कि वर्ष 1978 में तत्कालीन केंद्रीय मंत्री एवं रोहतक से सांसद चौ.चांद राम ने आल इंडिया अंत्योदय एजुकेशन सोसाइटी को रजिस्टर्ड कराया था। इसमें कई केंद्रीय मंत्री व देश भर से कई सांसद, विधायक व ब्यूरोक्रेट्स शामिल थे। दलित व पिछड़े वर्ग के बच्चों के लिए तकनीकी संस्थान बना कर तकनीकी शिक्षा देने के लिए यह सोसायटी बनाई थी।



पंजाबी धर्मशाला वेलफेयर के अध्यक्ष बने खट्टर

समालखा। पंजाबी धर्मशाला वेलफेयर सोसाइटी की बैठक श्याम बरेजा के कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में पंजाबी समाज के गणमान्य नागरिकों ने लेखराज खट्टर को पंजाबी धर्मशाला वेलफेयर सोसाइटी का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर सोसायटी के प्रधान नन्दलाल अरोड़ा ने कहा कि लेखराज खट्टर लंबे समय से समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय हैं और पंजाबी बिरादरी के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में धर्मशाला और वेलफेयर सोसाइटी के कार्यों को नई गति मिलेगी। नवनियुक्त चेयरमैन लेखराज खट्टर ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह समाज के विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे और धर्मशाला के विकास व सामाजिक कार्यों को प्राथमिकता देंगे। बैठक में श्याम बरेजा, जगतार सिंह बिल्ला, ज्ञान चंद तनेजस, अश्वनि मिढ़ा, अशोक महंदी रता, तथा बिरादरी के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

तेज रफ्तार गाड़ी ने थ्री व्हीलर को मारी टक्कर, चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस थाना छप्पर के पास तेज रफ्तार गाड़ी ने थ्री व्हीलर को टक्कर मार दी।

- पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस थाना छप्पर के पास हुआ हादसा

टक्कर लगने से थ्री व्हीलर चालक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात गाड़ी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार गांव काठवाला निवासी परमजीत सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका परिचित अंबेडकर भवन निवासी 50 वर्षीय कन्हैयालाल थ्री व्हीलर चलाने का काम करता है। 21 अक्टूबर को सुबह साढ़े 11 बजे कन्हैया लाल थ्री व्हीलर लेकर किसी काम से जा रहा था। जब वह थाना छप्पर रेस्ट हाउस के पास पहुंचा तो तेज रफ्तार से आ रही गाड़ी ने उसके थ्री व्हीलर को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से थ्री व्हीलर पलट गया और कन्हैया लाल गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी गाड़ी चालक मौके से फरार हो गया। राहगिरों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात गाड़ी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

कवियों की राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत रचनाओं ने जगाया राष्ट्रप्रेम

आजाद हिंद फौज के स्थापना दिवस पर कुरुक्षेत्र में गूंजी शौर्य की हुंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

सूरज का लाचार समर्पण हमको नहीं गवारा है, देश चरण में मस्तक अर्पण दृढ़-संकल्प हमारा है। नेत्र तीर सा खोलो शंकर, तप्त लहू की धारा है, भारत माँ का मस्तक हमको प्राणों से भी प्यारा है। ऐसी ही ओज, शौर्य और राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत वीर रस की रचनाओं ने बुधवार की शाम कला कीर्ति भवन, कुरुक्षेत्र की भरतमुनि रंगशाला को जोश और राष्ट्रप्रेम से सराबोर कर दिया। मौका था हरियाणा कला परिषद द्वारा आजाद हिंद फौज के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का। जिसमें देश के प्रतिष्ठित कवियों ने अपनी रचनाओं से देशभक्ति की अलख जगाई। सभागार में जब कवियों की बुलंद आवाज में भारत माँ के जयघोष, शौर्य और बलिदान की गाथाएँ गूँजीं, तो वहाँ मौजूद हर श्रोता के हृदय में देशभक्ति की ज्वाला प्रज्वलित हो उठी। इस काव्य संध्या में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा के मुख्यमंत्री के विशेष कार्य अधिकारी भोपाल सिंह खदरी उपस्थित रहे।



कुरुक्षेत्र। कार्यक्रम में मौजूद अतिथिगण।

कवियों ने शब्दों से जगाया देशप्रेम

इसके अतिरिक्त श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति करतार धीमान, जिला परिषद के उपाध्यक्ष धर्मपाल चौधरी, कुवि के कुलसचिव डा. विरेंद्र पाल ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मंच का संचालन विकास शर्मा ने किया। कार्यक्रम से पूर्व हरियाणा कला परिषद के उपाध्यक्ष महेश जोशी तथा संयुक्त सचिव डा. पवन आर्य ने अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। आजाद हिंद फौज के स्थापना दिवस के अवसर पर लोक कलाकार गुलाब सिंह ने रागनी बरसन लागे फूल बोस पै प्रस्तुत कर अपनी भावांजलि अर्पित की। कवि सम्मेलन की शुरूआत डॉ. जगबीर राठी के हास्य व्यंग्य से हुई, जिसने सामाजिक विसंगतियों पर करारा प्रहार किया। कवि सम्मेलन का चरम बेहद लाजवाब और रोंगटे खड़े कर देने वाला रहा, जब भीलवाड़ा (राजस्थान) से पधारे सुप्रसिद्ध कवि योगेन्द्र शर्मा ने मंच संभाला। ओज और वीर रस से परिपूर्ण उनकी एक के बाद एक कविताओं ने पूरे सभागार को सम्मोहन में बांध लिया। उनकी हर पंक्ति पर श्रोताओं की सांसें थम जातीं और हर छंद के बाद सभागार तालियों की गड़गड़ाहट और भारत माता की जय के उद्घोष से गूंज उठता। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि भोपाल सिंह भी स्वयं को रोक नहीं पाए और उन्होंने भी वीर रस की कविता पढ़कर मां भारती को नमन किया।



मलखान प्रतियोगिता में सढुरा-ए बनी विजेता

रादौर। फ्रैंड क्रिकेट क्लब सढुरा की ओर से इंटरनेशनल खिलाड़ी चौधरी मलखान सिंह क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 6 टीमों ने भाग लिया और सभी टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। करण सढूरा को मैन ऑफ दी सीरिज चुना गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि मलखान सिंह ने किया।

प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला सढुरा-ए व सढुरा-बी के बीच खेला गया। फाइनल में सढुरा-ए की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 125 रन बनाए। जबकि लक्ष्य का पीछा करने उतरी सढुरा-बी की टीम मात्र 116 रनों पर ही सिमट गई तथा हार गई। टूर्नामेंट के सफल आयोजन में आयोजक जितेंद्र सढुरा, करण सढुरा व सरपंच अनिल पासी डेरा का विशेष योगदान रहा। टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों और दर्शकों में काफी उत्साह देखने को मिला। मुख्य अतिथि मलखान सिंह ने कहा कि यह आयोजन खेल भावना और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने के उद्देश्य से करवाया गया था। आयोजकों ने टूर्नामेंट में भाग लेने वाली सभी टीमों, खिलाड़ियों और सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

संयुक्त मोर्चा ने आपात बैठक कर तीन दिवसीय हड़ताल का लिया फैसला

समानांतर लाइसेंस देने के विरोध में बिजली कर्मियों ने किया प्रदर्शन

केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल के खिलाफ की नारेबाजी

- बिजली व्यवस्था को मुनाफाखोर कंपनियों के हवाले करने के बजाय सार्वजनिक क्षेत्र को मजबूत करने की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा विद्युत नियामक आयोग द्वारा गुरुग्राम और नूंह जिलों में निजी कंपनी इलेवन पावर प्राइवेट लिमिटेड को 25 वर्षों के लिए समानांतर बिजली वितरण लाइसेंस देने के फैसले के विरोध में वीरवार को हरियाणा पावर एम्प्लॉइज एवं इंजीनियर्स संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर बिजली कर्मचारियों और इंजीनियरों ने सब डिवीजन सिटी जगाधरी कार्यालय यमुनानगर में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और मुकेश गर्ग के खिलाफ नारेबाजी की। कर्मचारियों ने इस फैसले को प्रदेश की सार्वजनिक बिजली व्यवस्था पर हमला और हरियाणा के इतिहास का काला दिन करार दिया। प्रदर्शन की संयुक्त अध्यक्षता प्रवेश कांबोज और मांगे राम ने की जबकि संचालन जितेंद्र कुमार ने किया। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन के राज्य ऑडिटर सतीश जांगड़ा, यूनिट सचिव अमर पाल तथा एचएसईबी वर्कर यूनियन के यूनिट ऑडिटर प्रेम चंद ने कहा कि 19 अक्टूबर को इलेवन पावर प्राइवेट लिमिटेड को लाइसेंस जारी करके सरकार ने बिजली कर्मचारियों के साथ वादाखिलाफी की है। संयुक्त मोर्चा ने आपात बैठक करके 22, 23 और 24 अक्टूबर को प्रदेशव्यापी तीन दिवसीय हड़ताल करने का फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि निजीकरण के खिलाफ आंदोलन को निर्णायक मुकाम तक पहुंचाने के लिए करनाल में आपात बैठक बुलाई गई है। कर्मी नेताओं ने कहा कि बिजली व्यवस्था को मुनाफाखोर कंपनियों के हवाले करने के बजाय सार्वजनिक क्षेत्र को मजबूत करने की जरूरत है।



यमुनानगर। बिजली के निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन करते बिजली कर्मी। फोटो : हरिभूमि

निजी कंपनी के हवाले करना डीएचबीवीएन की आर्थिक स्थिति पर सीधा प्रहार

राज्य सरकार और बिजली नियामक आयोग मिलकर सरकारी बिजली निगमों को कमजोर करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। गुरुग्राम और नूंह जैसे औद्योगिक एवं व्यावसायिक क्षेत्रों जहां से बिजली निगमों को अधिक राजस्व प्राप्त होता है, को निजी कंपनी के हवाले करना दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम की आर्थिक स्थिति पर सीधा प्रहार है। संयुक्त मोर्चा को आशंका है कि इस फैसले के बाद दूसरे जिलों में भी निजी कंपनियों को बिजली वितरण का रास्ता खोलने की कोशिश की जाएगी।

निजीकरण से महंगी होगी बिजली और रोजगार पर संकट

वक्ताओं ने कहा कि निजीकरण का सीधा असर आम उपभोक्ताओं, किसानों, मजदूरों और छोटे दुकानदारों पर पड़ेगा। बिजली दरों में बढ़ोतरी, सब्सिडी पर संकट और सेवा शर्तों में बदलाव की आशंकाओं के बीच आम जनता को इसकी कीमत चुकानी पड़ सकती है। वहीं, प्रदेश के लगभग 40 हजार नियमित, कच्चे, आउटसोर्सिंग कर्मचारियों और इंजीनियरों के रोजगार एवं भविष्य पर भी संकट मंडरा रहा है। उन्होंने आशंका जताई कि निजी कंपनी स्थानीय युवाओं और कर्मचारियों के हितों की अनदेखी कर सकती है।

विचार सांझा किए

अजीत सिंह, मनोज, नसीम खान, गणेश, आर्यन, संजीव, निपुण, राजकुमार, दीपक, राजबीर, करण, विकास ने भी अपने विचार सांझा किए।



यमुनानगर। लघुसचिवालय में आयोजित जिलास्तरीय समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए सीटीएम पीयूष गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

शिविरों में लोगों की शिकायतों का शीघ्र किया जा रहा निपटान: गुप्ता

- जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर का किया गया आयोजन, सीटीएम ने सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा वीरवार को लघु सचिवाल में जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सीटीएम पीयूष गुप्ता ने लोगों की समस्याओं को सुना। इस दौरान उन्होंने अधिकांश समस्याओं का मौके पर निपटान कर दिया। जबकि अन्य शेष बची समस्याओं को संबंधित अधिकारियों के पास भेजकर उनका शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए।

सीटीएम पीयूष गुप्ता ने बताया कि वीरवार को आयोजित समस्या समाधान शिविर में जो समस्याएं आई हैं। उनमें प्रमुख रुप से गांव तलाकौर के समस्त निवासियों ने पंचायती भूमि पर गली बनाने में लोगों द्वारा रोक लगाने बारे, बपौली निवासी कृष्ण चंद ने मंदिर के नाम मालिकाना भूमि होने बारे, कंड्रोली निवासी मोहन लाल ने पंचायती भूमि पर टॉवर लगाने की आमदनी की जानकारी उपलब्ध करवाने बारे, फतेहपुर सरपंच ने गांव की निशानदेही की पेमेंट न मिलने बारे व आजादनगर निवासी अमन कुमार ने जैन धर्म के आधार पर अल्पसंख्यक प्रमाण पत्र बनवाने बारे आदि समस्याएं रखी गई। जिनमें से अधिकांश समस्याओं का मौके पर निपटान कर दिया गया। जबकि शेष बची समस्याओं को संबंधित अधिकारियों को सौंपकर उनका शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए।

हर सप्ताह में दो दिन लगाए जा रहे हैं शिविर

सीटीएम पीयूष गुप्ता ने बताया कि सप्ताह में सोमवार व वीरवार को दो दिन जिलास्तरीय व उपमंडलस्तरीय समस्या समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह समस्या समाधान शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर का आयोजन लघु सचिवालय में और उपमंडल स्तरीय समस्या समाधान शिविरों का आयोजन उपमंडल कार्यालयों में आयोजित किए जा रहे हैं।

छात्र शिवांश बक्शी ने जीती कार्ड मेकिंग स्पर्धा

- जिला बाल भवन में पहली से पांचवीं कक्षा तक छात्रों के लिए हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला बाल भवन में कक्षा पहली से पांचवी तक के बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। प्रतियोगिताओं का शुभारंभ नगराधीश पीयूष गुप्ता ने मुख्यातिथि के रुप में दीप प्रज्वलित करके किया। मौके पर विशिष्ठ अतिथि के रुप में आजीवन सदस्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता मीनाक्षी अय्यर मौजूद रहे। प्रतियोगिताओं में करीब 300 बच्चों ने भाग लिया।

कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता में न्यू हैप्पी स्कूल लक्ष्मी गार्डन के छात्र शिवांश बक्शी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, सरस्वती विद्या मंदिर जगाधरी की छात्रा सृष्टि ने द्वितीय स्थान हासिल किया। सांत्वना पुरस्कार डीएवी पब्लिक स्कूल की अवनी को दिया गया। क्ले मॉडलिंग में सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल सरस्वती शुगर मिल की अक्षरा ने प्रथम व अनन्या ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जबकि न्यू हैप्पी स्कूल की दिव्यांशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, सांत्वना पुरस्कार संत निश्चल सिंह स्कूल के सहजरूप सिंह को दिया गया। हस्त लेखन हिंदी में सरस्वती स्कूल की तृप्ति पांडे को प्रथम और अंशिका को द्वितीय तथा तृतीय स्थान अरसी और सांत्वना पुरस्कार मुकंद लाल पब्लिक स्कूल मॉडल टाउन के आरवी धीमान को दिया गया।



यमुनानगर। प्रतियोगिताओं के विजेता बच्चे खुशी जताते हुए। फोटो : हरिभूमि

एसडीएम ने किया विद्यालय व्यासपुर का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

उपमंडल अधिकारी डॉ.कुलदीप सिंह ने वीरवार को वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय व्यासपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्कूल में सफाई व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल, शौचालयों की स्थिति, विद्यार्थियों की उपस्थिति तथा शिक्षकों की हाजिरी का जायजा लिया और संबंधित व्यवस्थाओं की जांच की।एसडीएम डॉ.कुलदीप सिंह ने स्कूल की विभिन्न कक्षाओं में पहुंचकर विद्यार्थियों से बातचीत की और उनसे पढ़ाई से संबंधित प्रश्न भी पूछे। उन्होंने विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर का आंकलन करते हुए शिक्षकों को पढ़ाई की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों को जीव विज्ञान भी पढ़ाया और विषय से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने मुख्य अध्यापक को निर्देश दिए कि स्कूल में शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएं।



योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाना प्राथमिकता

- एडीसी ने जनता दरबार में सुनी लोगों की समस्याए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला प्रशासन द्वारा उपमंडल छछरौली के गांव अर्जुन माजरा में जनता दरबार व रात्रि ठहराव का आयोजन किया गया। जनता दरबार व रात्रि ठहराव की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने की। उन्होंने जनता दरबार में लोगों की समस्याएं सुनी और उनमें से अधिकांश समस्याओं का मौके पर समाधान कर दिया। जबकि शेष समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के लिए संबंधित अधिकारियों को सौंपकर निर्देश दिए। मौके पर विभागों द्वारा सरकार की योजनाओं से संबंधित प्रदर्शनी भी लगाई गई।

एडीसी ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाना प्रशासन की जिम्मेदारी है। इसके लिए विभागीय अधिकारी गांवों में चल रहे विकास कार्यों की नियमित निगरानी करें तथा लंबित कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूरा करवाएं। उन्होंने ग्रामीणों से भी आह्वान किया कि वह अपनी समस्याओं एवं सुझावों को प्रशासन के समक्ष रखें। ताकि उनका समयबद्ध समाधान किया जा सके। अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने कहा कि रात्रि ठहराव जैसे कार्यक्रमों का उद्देश्य प्रशासन और आमजन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना तथा गांवों की वास्तविक समस्याओं को हल करना है।



यमुनानगर। प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए एडीसी नवीन आहूजा।

डीएसपी अश्विनी चौहान को इनेलो ने किया सम्मानित



रादौर। एचसीएस की परीक्षा पास कर डीएसपी बनी पालेवाला गांव के किसान की बेटी अश्विनी चौहान को सम्मानित करने का सिलसिला जारी है। इस क्रम में इनेलो नेताओं ने पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुभाष खुर्दबन के नेतृत्व में पालेवाला गांव में पहुंचकर डीएसपी बनी अश्विनी चौहान को पुष्प गुच्छा भेंटकर सम्मानित किया। मौके पर इनेलो बीसी सेल के प्रदेश महासचिव राजेश कश्यप भी मौजूद रहे। इनेलो के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुभाष खुर्दबन व बीसी सेल के प्रदेश महासचिव राजेश कश्यप ने कहा कि आज बेटियां किसी भी क्षेत्र में लड़कों से कम नहीं हैं। वह प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़कर नाम रोशन कर रही हैं। जिसकी मिसाल पालेवाला गांव के किसान प्रमोद की बेटी अश्विनी चौहान ने एचसीएस की परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान हासिल पर डीएसपी के पद पर पहुंचना है। उन्होंने कहा कि बेटियां देश का भविष्य बन चुकी हैं। अश्विनी चौहान ने अपनी मेहनत व लग्न के बल पर सफलता पाई है। उन्होंने बेटियों व युवा वर्ग से अश्विनी चौहान से प्रेरणा लेकर देश व समाज हित में कार्य करने के लिए आहवान किया। मौके पर दीपक राणा, पूर्व सरपंच राकेश राणा आदि ने भी अश्विनी चौहान को बुके भेंटकर सम्मानित किया।



महाराणा प्रताप पार्क की सुंदरता बढ़ाने के लिए लगाए हिरण के बुत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

नगर पालिका रादौर द्वारा कस्बा स्थित महाराणा प्रताप पार्क व महाराजा अग्रसेन पार्क की सुंदरता बढ़ाने के लिए हिरण के बूत लगाए गए। जिससे पार्क की सुंदरता को चार चांद लग गए। उक्त जानकारी नपा चेयरमैन रजनीश मेहता ने दी। पार्क में हिरण के बुत लगने से दर्शकों की भीड़ बढ़ने लगी है।

नपा रादौर के चेयरमैन रजनीश मेहता व सचिव सुरेंद्र मलिक ने बताया कि नगर पालिका की ओर से कस्बा में दोनो पार्कों में हिरण के बूत लगाए गए हैं। जिससे पार्क में आने वाले लोगों को एक शानदार पार्क में पहुंचने का सुंदर अनुभव हो रहा है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका व पार्क का ठेका लेने वाली संस्थाओं के प्रयासो से भी पार्कों की सुंदरता बढ़ती जा रही है।

घर में घुसकर नकदी चोरी करने के आरोप में युवक गिरफ्तार

यमुनानगर। घर में घुसकर पैसे चोरी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में पुलिस ने आरोपी से चोरी किए गए पैसे बरामद कर लिए हैं और अगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की जांच कर रहे थाना प्रबंधक रोहतास ने बताया कि गांव गुलाबगढ़ निवासी देशराज ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि गत 21 सितंबर को वह अपने घर की छत पर सो रहा था। सुबह उठकर जब उसने देखा तो उसकी कमीज की जेब में रखे 18 हजार रुपये गायब थे। इस शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए उप निरीक्षक जसविंदर सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम ने मुखबरी के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी की पहचान पंकज कुमार के रूप में हुई। आरोपी से चोरी के पैसे बरामद कर लिए गए हैं। आरोपी को अदालत में पेश कर जांच की जा रही है।





जेएमआईटी में साइबर सुरक्षा पर विद्यार्थियों का किया मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में वीरवार को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के साथ साइबर सुरक्षा की भविष्यगत चुनौतियाँ विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर सेडुलिटी सॉल्यूशंस एंड टेक्नोलॉजीज के सीईओ डॉ.अनूप गिरधर ने विशेषज्ञ वक्ता के रूप में विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के तेजी से विकसित होते क्षेत्र तथा साइबर सुरक्षा पर इसके प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर डॉ.गौरव शर्मा, डॉ.विकास जुनेजा, डॉ.नवदीप, डॉ.भावना शर्मा, डॉ.सविता खुराना व इंजीनियर कपिल आदि मौजूद थे।

कारों के शीशे तोड़ किए दस्तावेज व नगदी चोरी

यमुनानगर। जगाधरी के हुडा सेक्टर 18 में चोरों ने रात को घर के बाहर खड़ी कारों के शीशे तोड़कर दस्तावेज व नकदी चोरी कर ली। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार हुडा सेक्टर 18 जगाधरी निवासी अनमोल संधू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने अपनी कार को घर के बाहर खड़ी की थी। 21 अक्टूबर को रात ढ़ाई बजे अज्ञात चोरों ने उनके घर के बाहर खड़ी कार का शीशा तोड़कर कागजात व नौ हजार रुपये चोरी कर लिए। सुबह जब वह उठे तो उन्हें कार के शीश टूटे मिले। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ किया मामला दर्ज, कार्रवाई शुरू



रामलीला समापन पर कलाकारों ने दिया भाईचारे व त्याग का संदेश

यमुनानगर। श्री हनुमान रामलीला क्लब द्वारा रामपुरा कॉलोनी यमुनानगर में आयोजित की जा रही श्रीरामलीला का बीती रात राजतिलक दृश्य का भव्य मंचन किया गया। इस दौरान भगवान श्रीराम के अयोध्या लौटने पर श्रीराम के राजतिलक के प्रसंगों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इसी के साथ श्रीरामलीला का समापन हो गया। रामलीला के समापन पर कलाकारों ने अपने अभिनय के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्शों, भाईचारे, त्याग और प्रेम का संदेश दिया। मंचन में श्रीराम की भूमिका मणि कौशल, लक्ष्मण की भूमिका अमित शर्मा, सुग्रीव की भूमिका गौरव शर्मा, माता सीता की भूमिका बलविंदर और हनुमान की भूमिका हरिगौरव ने निभाई। कलाकारों ने अपने प्रभावशाली अभिनय से दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी। इस दौरान श्रीरामलीला के दृश्य मंचन में भाइयों के आपसी प्रेम और समर्पण को सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया गया। सभी सदस्यों और उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उनके योगदान को याद करते हुए उनके प्रति सम्मान प्रकट किया गया। रामलीला का आयोजन प्रधान लक्की शर्मा, सरपरस्त रोशन लाल कौशल, डायरेक्टर महेंद्र पाल, डायरेक्टर कौशल राज सोढ़ी, डायरेक्टर सुरिंदर शर्मा, उपप्रधान स्वीटी शर्मा, कैशियर अमित शर्मा, मेकअप डायरेक्टर धनंजय कौशल व गौरव कौशल, स्टेज सचिव दीपक भोला, गगन भास्कर, सन्नी बाजवा, नरेश सिब्बल, सचिव चंद्र चावला और मीडिया प्रभारी लक्ष्य दत्ता के नेतृत्व में किया गया।

लघु सचिवालय में अवैध खनन रोकथाम को लेकर हुई अधिकारियों की बैठक

अवैध खनन से जुड़े मामलों में किसी प्रकार की कोताही नहीं होगी बर्दाश्त: उपायुक्त

गत माह खनन गतिविधियों में लिप्त 88 वाहनों को किया सीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला प्रशासन द्वारा जिले में हो रहे अवैध खनन की रोकथाम को लेकर लघु सचिवालय में अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त प्रीति ने की। उन्होंने अधिकारियों को अवैध खनन पर पूर्णतय रोक लगाए जाने के निर्देश दिए।

उपायुक्त प्रीति ने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि अवैध खनन पर रोक लगे। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागों के अधिकारियों का दायित्व है कि वह अवैध खनन रोकने में अपनी डयूटी अच्छी तरह से निभाएं। उपायुक्त प्रीति ने कहा कि सभी संबंधित विभागों के अधिकारी यदि आपसी तालमेल से कार्य करें तो अवश्य ही अवैध खनन पर काबू पाया जा सकता है। सभी संबंधित विभाग अवैध खनन रोकने के लिए अपनी अपनी कार्यप्रणाली में सुधार करें।

इसी प्रकार फर्जी ई.रवाना की पूरी जांच की जाए और अवैध खनन में संलिप्त व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर अवश्य दर्ज कर वाहन को जब्त किया जाए। उपायुक्त प्रीति ने पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ साथ अन्य विभागों के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि अवैध खनन से जुड़े मामलों में किसी प्रकार की कोताही न बरती जाए।

उन्होंने पुलिस अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे अपने अपने क्षेत्र में पूर्ण रूप से अवैध खनन पर पाबंदी लगाए और पकड़े गए वाहनों के चालान कर सख्त कार्रवाई अमल में लाए। जिस विभाग के अधिकारी अवैध खनन में लिप्त वाहन को पकड़ते हैं। उस वाहन के खिलाफ विभाग के नियमों के अनुसार चालान करें। जब भी अवैध खनन में लिप्त वाहन का चालान किया जाए तो उसकी सूचना संबंधित अधिकारियों को अवश्य दें और उसकी जानकारी उनके कार्यालय में भी भिजवाए। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने अपने क्षेत्रों में निरीक्षण अवश्य करते रहें।



यमुनानगर। लघु सचिवालय में अवैध खनन को रोकने को लेकर आयोजित बैठक में अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए उपायुक्त प्रीति। फोटो : हरिभूमि

जिले में बनाए 32 ब्लॉक

जिला खनन अधिकारी लोकेन्द्र सिंह ने बैठक में उपायुक्त को बताया कि जिला में खनन गतिविधियों में लिप्त वाहनों से गत माह में सरकार को 3 करोड़ 31 लाख 18 हजार रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। अवैध खनन गतिविधियों में संलिप्त 88 वाहनों को सीज किया गया। उन्होंने बताया कि जिला में 32 ब्लाक बनाए गए हैं। बैठक में डीईटीसी सेल टैक्स अधिकारी ने बताया कि उनके विभाग द्वारा अवैध खनन में लिप्त वाहनों के खिलाफ 71 केस दर्ज किए गए तथा लगभग 53 लाख रूपये की रिकवरी की गई।

ये रहे मौजूद

मौके पर पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल, अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा, जगाधरी के एसडीएम विश्वनाथ, एसडीएम व्यासपुर डॉ. कुलदीप सिंह, एसडीएम छछरौली जसपाल सिंह गिल, एसडीएम रादौर नरेन्द्र कुमार, डीएसपी रजत गुलिया व जिला परिवहन अधिकारी हरतजीत कौर आदि मौजूद थे।

खबर संक्षेप

ड्रोन से रात में खेतों में हो रही निगरानी

थानेसर। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जिले में पराली जलाने की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और ड्रोन के माध्यम से रात के समय भी खेतों में आगजनी की घटनाओं की निगरानी की जा रही है। जिला प्रशासन फसल अवशेष में आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए पूरी तरह से सतर्क हैं। इसके लिए गांव स्तर, खंड स्तर, उपमंडल स्तर और जिला स्तर के कमेटियां भी बनाई हुई हैं। सभी प्रयासों के चलते आगजनी की घटनाओं पर नियंत्रण किया गया है। जिसे आगे भी निरंतर रखा जाएगा।

मैथ मैजिक कार्यशाला में 40 बच्चों ने लिया भाग

कुरुक्षेत्र। गणित को सरल और रोचक बनाने के उद्देश्य से उदयन शालिनी फैलोशिप, कुरुक्षेत्र की ओर से डॉ. सुषमा शर्मा के मार्गदर्शन में ऑनलाइन मैथ मैजिक कार्यशाला का आयोजन किया गया। उदयन शालिनी कुरुक्षेत्र, फाल्कन कुरुक्षेत्र और डिजिटल साथी कुरुक्षेत्र के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला में कक्षा 11वीं से स्नातक स्तर तक की 40 से अधिक शालिनियों और बच्चों ने भाग लिया। । राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआइसी), भारत सरकार में वरिष्ठ निदेशक (आइटी)-सह-जिला सूचना विज्ञान अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त विनोद सिंगला ने बताया कि आधुनिक तकनीक के माध्यम से गणित को सरल और रुचिकर बनाया जा सकता है।

हड़ताल से बिजली-पानी संकट, हेल्पलाइन नंबर भी बेअसर साबित हुए

आमजन के साथ सरकारी कार्यालयों व अस्पतालों में भी कामकाज प्रभावित

बुधवार रात 11 बजे से गुल रही बिजली, सुबह नहीं चले पानी के ट्यूबवेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

बिजली कर्मचारियों की हड़ताल के चलते शहर में बिजली और पानी का संकट गहरा गया। रात करीब 11 बजे से बिजली गुल होने के कारण सुबह पानी के ट्यूबवेल नहीं चल सके, जिससे लोगों को पेयजल की किल्लत का सामना करना पड़ा। बिजली आपूर्ति बाधित होने से आमजन के साथ-साथ सरकारी कार्यालयों और अस्पतालों में भी कामकाज प्रभावित हुआ। कई जगह जनरेटर के सहारे काम चलाना पड़ा, जबकि घरों और दुकानों में लगे इनवर्टर भी दोपहर तक जवाब देने लगे। प्रशासन की ओर से जारी हेल्पलाइन नंबरों पर भी लोगों को अपेक्षित राहत नहीं मिल पाई। शहर के सेक्टर-4, सेक्टर-13, डीडी कॉलोनी, हरि नगर, ज्योति नगर, राजेंद्र नगर, रेलवे रोड, न्यू कॉलोनी, पटेल नगर, शास्त्री नगर, दुखभंजन कॉलोनी, कामरेड कॉलोनी, हरगोविंद नगर-7बी, पटियाला बैंक कॉलोनी, कंग कॉलोनी, विष्णु कॉलोनी और शीला नगर सहित कई कॉलोनियों में बिजली आपूर्ति बाधित रही। इसके अलावा आसपास के गांवों में भी बिजली संकट की स्थिति बनी रही। बिजली नहीं होने के कारण पानी की आपूर्ति प्रभावित हुई और लोगों को दैनिक जरूरतों के लिए परेशानी उठानी पड़ी। शाम होते-होते पूरा शहर अंधेरे में डूब गया। सभी जगह ब्लेकआउट रहा।



कुरुक्षेत्र। सेक्टर-8 कार्यालय में धरना देकर बैठे बिजली कर्मचारी।



कुरुक्षेत्र। हड़तालरत कर्मचारियों को संबोधित करते उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा।

पैरेलल लाइसेंस के विरोध में कर्मचारियों का धरना

उधर, पैरेलल लाइसेंस के विरोध में बिजली बोर्ड के कर्मचारियों ने सेक्टर-8, कुरुक्षेत्र में धरना देकर प्रदर्शन किया। धरना देकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। धरने की अध्यक्षता यूनिट एवं सर्कल सचिव कृष्ण चौहान ने की, जबकि मंच संचालन दिनेश कौशिक ने किया। कर्मचारियों ने नारेबाजी करते हुए पैरेलल लाइसेंस का फैसला वापस लेने की मांग उठाई। सर्कल सचिव कृष्ण चौहान ने कहा कि बिजली कर्मचारियों की हड़ताल 24 अक्टूबर तक जारी रहेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने पैरेलल लाइसेंस रद्द नहीं किया तो हड़ताल को अनिश्चितकालीन समय के लिए आगे बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति की जिम्मेदारी हरियाणा सरकार की होगी। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने कहा कि सरकार को उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। उन्होंने पैरेलल लाइसेंस का फैसला वापस लेने की मांग करते हुए आंदोलन जारी रखने की बात कही। इस मौके पर दिनेश कौशिक, कीर्ति खोसला, रविंद्र सैनी, बलजीत, बीरबल, पुनीत सहित बिजली बोर्ड के अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।

बिजली संकट के बीच उपायुक्त ने एसई कार्यालय का किया निरीक्षण, पेयजल व्यवस्था पर फोकस

कुरुक्षेत्र। बिजली कर्मचारियों की हड़ताल के बीच उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बिजली विभाग के एसई कार्यालय का निरीक्षण कर जिले में बिजली आपूर्ति की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से प्रभावित क्षेत्रों की जानकारी ली और व्यवस्था में सुधार को लेकर चर्चा की। अधिकारियों के अनुसार शाहाबाद और लाडवा फीडर की व्यवस्था ठीक चल रही है, जबकि थानेसर और पिहोवा के कुछ हिस्सों में बिजली आपूर्ति को लेकर दिक्कतें सामने आई हैं। बिजली आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने के लिए विभाग की ओर से अतिरिक्त कर्मचारियों की मदद ली जा रही है। इसके तहत पीडब्ल्यूडी और नगर परिषद से कर्मचारियों के साथ-साथ आईटीआई के विद्यार्थियों को भी सहायता के लिए बुलाया गया है। बिजली विभाग के चीफ इंजीनियर, एससीएमजी जिंदल और सभी एक्सईएन भी व्यवस्था की निगरानी के लिए कुरुक्षेत्र में मौजूद हैं। बिजली संकट के चलते पेयजल आपूर्ति प्रभावित न हो, इसके लिए प्रशासन और संबंधित विभाग सतर्क हैं। ट्यूबवेलों पर जनरेटर सेट की व्यवस्था की जा रही है। जरूरत के अनुसार पानी के टैंकरों के माध्यम से भी लोगों तक पेयजल पहुंचाने की तैयारी की गई है, ताकि बिजली आपूर्ति बाधित रहने की स्थिति में लोगों को पानी की किल्लत का सामना न करना पड़े।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बिजली कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारियों और सदस्यों से अपील की कि वे जनहित को ध्यान में रखते हुए बिजली आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि मौजूदा स्थिति में आमजन को बिजली और पानी की परेशानी से बचाना प्राथमिकता है। उधर, पैरेलल लाइसेंस के मुद्दे पर उपायुक्त ने बताया कि संबंधित फैसले के खिलाफ सरकार अपील दायर करेगी।

खबर संक्षेप



बिजली कटौती से दुकानदार सड़क पर उतरे

कुरुक्षेत्र। धर्मनगरी कुरुक्षेत्र के मोहन नगर क्षेत्र में बिजली कटौती से परेशान दुकानदारों का सब्र वीरवार शाम को जवाब दे गया। बिजली आपूर्ति बहाल न होने से नाराज दुकानदार सड़क पर उतर आए और पिपली-थर्ड गेट मार्ग पर महाराजा अग्रसेन चौक पर जाम लगा दिया। इस दौरान दुकानदारों ने बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी कर रोष जताया। जाम के कारण मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। दुकानदारों के अनुसार, बुधवार रात करीब 11 बजे से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित है। त्योहारों का समय होने के कारण बाजार में कारोबार की गतिविधियां बढ़ी हुई हैं, लेकिन बिजली न होने से दुकानदारों का कामकाज प्रभावित हो रहा है। दुकानदारों का कहना था कि क्षेत्र के कुछ हिस्सों में बिजली आ रही है, जबकि अन्य हिस्सों में आपूर्ति बंद है। उन्होंने मांग की कि जिन इलाकों में बिजली नहीं है, वहां भी जल्द आपूर्ति बहाल की जाए।



अधिकतर वार्डों में बिजली आपूर्ति बाधित होने से परेशानी

लाडवा। बिजली के निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मचारियों की हड़ताल का असर अब आम जनता पर भी दिखाई देने लगा है। वीरवार को लाडवा शहर के अधिकतर वार्डों में बिजली आपूर्ति बाधित होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। हैरानी की बात यह रही कि न तो शहर में आंधी आई और न ही बारिश हुई, इसके बावजूद अचानक बिजली गुल होने से शहरवासियों में रोष देखने को मिला। जानकारी के अनुसार, बिजली कर्मचारियों की हड़ताल के बीच लाडवा के लगभग आधे शहर में बिजली आपूर्ति प्रभावित होने की बात सामने आई। लाडवा एस.डी.एम. कार्यालय सहित कई वार्डों में बिजली बंद रहने से घरेलू कामकाज के साथ-साथ दुकानदारों और अन्य लोगों की दिनचर्या भी प्रभावित हुई। बिजली आपूर्ति बाधित होने के बाद हड़ताल में शामिल नहीं हुए कुछ कर्मचारी खराबी को ठीक करने के प्रयास में जुटे रहे। हालांकि, उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती बिजली बंद होने के वास्तविक कारण और फॉल्ट का पता लगाना रही। काफी प्रयासों के बावजूद खराबी का पता नहीं चल पाने के कारण लाडवा में मध्यरात्रि से गूल बिजली वीरवार सायं तक भी ठीक नहीं हुई। बिजली बहाली में देरी हुई और लोगों की परेशानी बढ़ती गई।



विद्यार्थियों की रचनात्मकता का संगम है दिवाली हॉट: प्रो. सोमनाथ सचदेवा

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूआईईटी संस्थान में गुरुवार को दो दिवसीय दिवाली हाट 2026 का शुभारम्भ करते हुए कुवि कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि दिवाली हाट विद्यार्थियों की रचनात्मकता, पारम्परिक कौशल एवं विविध विलक्षण प्रतिभाओं का सांस्कृतिक संगम है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम संस्थान के विद्यार्थियों की तकनीक के साथ-साथ कला में परिपक्वता तथा कौशल विकास की महता को दर्शाता है। कुवि कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने विद्यार्थियों के द्वारा दीवार पर बनायी गई पेंटिंग की सराहना करते हुए कहा कि यह देश की कला एवं सांस्कृतिक विरासत, समृद्ध तकनीक एवं आध्यात्मिकता संबंधी चित्र एवं स्लोगन राष्ट्र प्रथम की भावना को जागृत करती है। उन्होंने सभी स्टॉलों का अवलोकन करते हुए विद्यार्थियों द्वारा तैयार स्वदेशी वस्तुओं की भी सराहना की। यूआईईटी संस्थान के निदेशक प्रो. सुनील ढींगरा ने कहा कि छात्रों द्वारा बनाए गए हैंडमेड उत्पाद, दीये, रंगोली, सजावटी सामान और दिवाली से जुड़ी वस्तुओं के स्टॉल शिक्षा के साथ विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनने का भी संदेश दे रहे है।

एसडी गर्ल्स स्कूल में छात्राओं ने दिखाई कोडिंग में प्रतिभा, विजेता किए सम्मानित

- कक्षा सातवीं से नौवीं तक की छात्राओं ने लिया प्रतियोगिता में भाग, विशेषज्ञों ने तकनीकी शिक्षा के महत्व से कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

एसडी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कुरुक्षेत्र में कंप्यूटर विभाग की ओर से कोडिंग टेस्ट का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा सातवीं से नौवीं तक की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी तकनीकी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ऑल इंडिया ट्रेनिंग संस्था के सीनियर काउंसलर अजय कुमार, रीना, अनिल पाल और मोहित विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने छात्राओं को कंप्यूटर शिक्षा, कोडिंग और आधुनिक तकनीक के बढ़ते महत्व के बारे में जानकारी दी। साथ ही, छात्राओं को तकनीकी क्षेत्र में नए कौशल सीखने और भविष्य में बेहतर अवसर हासिल करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रबंधक विकास शर्मा एवं मंजू शर्मा ने छात्राओं की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि डिजिटल युग में कंप्यूटर और कोडिंग का ज्ञान बेहद महत्वपूर्ण है। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में तार्किक सोच, रचनात्मकता और समस्या समाधान की क्षमता विकसित करने में सहायक होती हैं। विद्यालय की उपप्रधानाचार्या अंजलि ने कहा कि कोडिंग जैसी गतिविधियां छात्राओं को नई तकनीकों को समझने, नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने और भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार होने का अवसर प्रदान करती हैं।



कुरुक्षेत्र। विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते अतिथिगण।



गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ चिकित्सालयों की कार्यप्रणाली में हो सुधार : प्रो. करतार

कुरुक्षेत्र। श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान की अध्यक्षता में गुरुवार को चंडीगढ़ सहित प्रदेशभर के आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक महाविद्यालयों के प्रबंधकों और प्राचार्यों की बैठक आयोजित की गई। इसमें शिक्षण संस्थानों में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने, चिकित्सालयों की कार्यप्रणाली सुधारने और विद्यार्थियों को बेहतर व्यावहारिक प्रशिक्षण उपलब्ध करवाने पर मंथन किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि सरकार आयुर्वेद सहित अन्य आयुष चिकित्सा पद्धतियों का विस्तार कर रही है, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इनका लाभ मिल सके। इसके लिए शिक्षण संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ चिकित्सालयों का सुचारू संचालन भी जरूरी है। चिकित्सालयों में आईपीडी सेवाओं को मजबूत किया जाए, ताकि मरीजों को बेहतर उपचार मिले और विद्यार्थियों को मरीजों की जांच, उपचार एवं देखभाल का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर ऐसे कुशल चिकित्सक तैयार करना है, जो समाज को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर सकें।



इस्कॉन की परिक्रमा में 300 से अधिक भक्त शामिल

कुरुक्षेत्र। इस्कॉन की ओर से धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र परिक्रमा यात्रा का आयोजन किया गया। परम पूज्य गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज की स्मृति को समर्पित इस यात्रा में 300 से अधिक श्रद्धालुओं ने भाग लिया, जिनमें करीब 70 भक्त लंदन से पहुंचे। गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज ने वर्ष 1992 में इस यात्रा की नींव रखी थी। यात्रा में सुखदेव स्वामी महाराज और भक्ति आश्रय वैष्णव स्वामी महाराज सहित अनेक संत शामिल हुए। इस्कॉन कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष साक्षी गोपाल प्रभुजी के नेतृत्व में आयोजित परिक्रमा के दौरान भक्तों ने ज्योतिसर, ब्रह्मसरोवर, भीष्म कुंड, श्रीकृष्ण-अर्जुन मंदिर, भद्रकाली शक्तिपीठ और स्थानेश्वर महादेव सहित प्रमुख तीर्थों के दर्शन किए। ब्रह्मसरोवर पर देशी-विदेशी श्रद्धालुओं ने हरिनाम संकीर्तन किया। विभिन्न स्थलों पर गीता पाठ, प्रवचन और भजन-कीर्तन भी हुए। संतों ने कुरुक्षेत्र की आध्यात्मिक महत्ता बताते हुए भगवान श्रीकृष्ण के गीता उपदेश और भक्ति मार्ग के संदेश पर प्रकाश डाला।



गीता कन्या विद्यालय में हुई वाद-विवाद प्रतियोगिता

कुरुक्षेत्र। विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वावधान में अमीन मार्ग स्थित गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र में बालिका शिक्षा के अंतर्गत छात्राओं द्वारा वाद-विवाद एवं कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में तार्किक सोच, आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति कौशल तथा सामाजिक मूल्यों का विकास करना था। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न विषयों पर छात्राओं ने अपने विचार प्रस्तुत किए। सर्वप्रथम फास्ट फूड के फायदे और नुकसान विषय पर वाद-विवाद प्रस्तुत किया गया। छात्राओं ने बताया कि फास्ट फूड आसानी से उपलब्ध हो जाता है और इसे बनाने में कम समय लगता है, लेकिन इसका अधिक सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। उन्होंने सभी को संतुलित एवं पौष्टिक भोजन अपनाने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात एकल परिवार एवं संयुक्त परिवार विषय पर वाद-विवाद आयोजित किया गया। छात्राओं ने एकल परिवार के पक्ष में कहा कि इसमें स्वतंत्रता और व्यक्तिगत निर्णय लेने के अधिक अवसर मिलते हैं।

गुरु गोबिंद सिंह का जीवन मानवता के लिए प्रेरणास्रोत: सचदेवा

- कुवि में श्री गुरु गोबिंद सिंह के व्यक्तित्व, बाणी और विरासत पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्रीगुरु गोबिंद सिंह जी का जीवन त्याग, तपस्या, साहस, आध्यात्मिकता और मानव कल्याण का अद्वितीय उदाहरण है। गुरु गोबिंद सिंह जी ने अपने जीवन और बाणी के माध्यम से समाज को सत्य, न्याय, समानता, निर्भयता तथा धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उनके विचार आज भी बदलते सामाजिक एवं वैश्विक परिवेश में पूरी तरह प्रासंगिक हैं। यह उद्गार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के गुरु गोबिंद सिंह चेयर द्वारा श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के व्यक्तित्व, बाणी एवं विरासत विषय पर सीनेट हॉल में आयोजित दो दिवसीय बहुविषयक अंतरराष्ट्रीय सेमिनार के उद्घाटन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि व्यक्त किए। इससे पहले प्रो. कुसुम लता ने सभी अतिथियों का स्वागत किया व गुरु गोबिंद सिंह चेयर के समन्वयक डॉ. धर्मबीर सिंह ने संगोष्ठी की रूपरेखा के बारे में विस्तार से बताया। प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी का व्यक्तित्व केवल सिख इतिहास तक सीमित नहीं है, बल्कि उनका जीवन संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करते हुए सत्य और धर्म की रक्षा का संदेश दिया तथा समाज में समानता और मानवीय गरिमा की भावना को मजबूत किया।



25 को कुरुक्षेत्र में जुटेंगे हजारों युवा कांग्रेसी



लाडवा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सरदार सतनाम सिंह विर्क के बेटे एवं युवा कांग्रेस नेता हरतेज प्रताप सिंह विर्क ने 25 अक्टूबर को कुरुक्षेत्र में होने वाले विशाल युवा जन सम्मेलन को लेकर कमान संभाल ली है। सम्मेलन को सफल बनाने के लिए हरतेज प्रताप सिंह विर्क लगातार गांव-गांव और शहर-शहर पहुंचकर युवाओं से सीधा संवाद कर रहे हैं और उन्हें सम्मेलन में शामिल होने का निमंत्रण दे रहे हैं। उनके इस जनसंपर्क अभियान से सम्मेलन को लेकर युवा कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। हरतेज प्रताप सिंह विर्क ने बताया कि 25 अक्टूबर को कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के नजदीक कंट्री साइड पैलेस में आयोजित होने वाले इस विशाल युवा जन सम्मेलन में युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष निशांत कटारिया मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। उनके आगमन को लेकर युवा कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह है। सम्मेलन में जिलेभर से बड़ी संख्या में कांग्रेस के युवा कार्यकर्ताओं के पहुंचने की उम्मीद है।सम्मेलन का प्रमुख उद्देश्य युवाओं को संगठन के साथ जोड़ना, कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करना तथा कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए युवाओं को सक्रिय भूमिका के लिए तैयार करना है। हरतेज प्रताप सिंह विर्क का कहना है कि संगठन की असली ताकत जमीनी स्तर पर काम करने वाला कार्यकर्ता होता है और युवा कार्यकर्ता इस भूमिका को सबसे प्रभावी ढंग से निभा सकते हैं। इसी उद्देश्य से वे स्वयं क्षेत्र के युवाओं के बीच पहुंच रहे हैं और उन्हें सम्मेलन से जोड़ने के साथ-साथ संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित कर रहे हैं।



समूह नृत्य में प्राथमिक स्कूल बिशनगढ़ की टीम प्रथम

कुरुक्षेत्र। राजकीय प्राथमिक विद्यालय बिशनगढ़ की टीम ने बाल भवन में आयोजित जिला स्तरीय समूह नृत्य प्रतियोगिता में समूह-1 में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं ग्राम का नाम रोशन किया। बच्चों ने अपनी शानदार प्रस्तुति, उत्कृष्ट तालमेल और आत्मविश्वास से निर्णायक मंडल को प्रभावित किया। विद्यालय पहुँचने पर विजेता विद्यार्थियों का ग्राम सरपंच अमित सैनी एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा सम्मान किया गया। उन्होंने बच्चों को बधाई देते हुए उनकी प्रतिभा और मेहनत की सराहना की तथा भविष्य में भी इसी प्रकार आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रभारी रमेश कुमार ने कहा कि बच्चों की यह सफलता उनके निरंतर अभ्यास, मेहनत और लगन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता है उन्हें सही मंच और अवसर देने की। शिक्षा के साथ-साथ कला एवं सांस्कृतिक गतिविधियाँ बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।



वोट चोर गद्दी छोड़ो के नारों से गूंजा शाहाबाद कांग्रेस ने फूंका मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला

शाहबाद। वोट चोर गद्दी छोड़ो, वोट बचाओ-लोकतंत्र बचाओ अभियान के तहत कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को शाहाबाद में जोरदार प्रदर्शन कर भाजपा सरकार के खिलाफ रोष जताया। शहीद उधम सिंह भवन में एकत्रित हुए कार्यकर्ताओं ने शहीद उधम सिंह चौक से एसडीएम कार्यालय तक पैदल मार्च निकाला। इस दौरान वोट चोर गद्दी छोड़ोके नारों से क्षेत्र गूंज उठा। प्रदर्शनकारियों ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंककर विरोध जताया। प्रदर्शन की अगुवाई अंबाला शहर के विधायक एवं जिला प्रभारी निर्मल सिंह ने की। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मेवा सिंह, शाहाबाद विधायक रामकरण काला सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता इसमें शामिल हुए। विधायक निर्मल सिंह ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि देश में लोकतंत्र और नागरिकों के मताधिकार को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी और अन्य वरिष्ठ नेताओं की ओर से उठाए जा रहे मुद्दों से भाजपा सरकार घबरा रही है। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में 13 लाख वोट काटे जाने की बात सामने आई है। इस अवसर पर डॉ. छवि प्रकाश शर्मा, पूर्व नगरपालिका प्रधान हरीश क्वात्रा, पूर्व प्रधान रणधीर सिंह, संजीव चोपड़ा, ज्ञान सिंह, राकेश वधवा, कंवरपाल काला, धर्मपाल ढोला माजरा आदि मौजूद रहे।


सेक्टर-13 और 17 के पार्कों की ग्रीन बेल्ट बदहाल, सुबह की सैर करना भी मुश्किल

साफ-सफाई और रखरखाव की व्यवस्था पर उठे सवाल, पार्कों की स्थिति सुधारने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

धर्मनगरी कुरुक्षेत्र के सेक्टर-13 और सेक्टर-17 स्थित पार्कों की ग्रीन बेल्ट की बदहाल स्थिति को लेकर स्थानीय निवासियों में नाराजगी है। पार्कों में साफ-सफाई और रखरखाव की व्यवस्था को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

लोगों का कहना है कि अव्यवस्थाओं के कारण सुबह-शाम सैर के लिए आने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने संबंधित विभाग और प्रशासन से पार्कों की स्थिति सुधारने की मांग की है। सेक्टर-13 और सेक्टर-17 के पार्कों में सुबह और शाम के समय बड़ी संख्या में लोग सैर, व्यायाम और अन्य शारीरिक गतिविधियों के लिए पहुंचते हैं। इनमें बुजुर्गों, महिलाओं और युवाओं के साथ बच्चे भी शामिल हैं। लोगों के लिए पार्क न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर बनाने का माध्यम हैं, बल्कि दिनभर की व्यस्तता के बीच सुकून के कुछ पल बिताने का स्थान भी हैं। ऐसे में पार्कों की बदहाल स्थिति और व्यवस्थाओं की कमी लोगों की परेशानी बढ़ा रही है। लोगों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से सेक्टर-13 व सेक्टर-17 के पार्कों का निरीक्षण करवाकर वहां की समस्याओं का आकलन करने की मांग की है। उनका कहना है कि जहां भी सफाई, हरियाली या अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी कमियां हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाना चाहिए।



कुरुक्षेत्र। सेक्टर 13 ग्रीन बेल्ट अपोजिट विशाल मेगा मार्ट।

साधनों के नियमित रखरखाव की जरूरत

स्थानीय निवासियों के अनुसार, पार्कों की ग्रीन बेल्ट को व्यवस्थित बनाए रखने के लिए नियमित सफाई, हरियाली की देखभाल और पैदल चलने वाले रास्तों के रखरखाव पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। पार्कों की समय-समय पर निगरानी नहीं होने से व्यवस्थाएं प्रभावित होती हैं। लोगों का कहना है कि संबंधित विभाग को इन स्थानों की नियमित देखरेख सुनिश्चित करनी चाहिए, ताकि पार्कों में आने वाले लोगों को असुविधा न हो।

पार्कों का बेहतर रखरखाव होने से सेक्टरवासियों को स्वच्छ और व्यवस्थित वातावरण में सैर करने की सुविधा मिल सकेगी।

कुरुक्षेत्र में युवा कांग्रेस का हुजूम 25 को

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र में 25 अक्टूबर को आयोजित होने वाले विशाल युवा जन सम्मेलन को सफल बनाने के लिए युवा कांग्रेस नेता हरतेज प्रताप सिंह विर्क ने कमान संभाल ली है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सतनाम सिंह विर्क के बेटे हरतेज प्रताप सिंह विर्क लगातार गांव-गांव और शहर-शहर पहुंचकर युवाओं से संवाद कर रहे हैं तथा उन्हें सम्मेलन में शामिल होने का निमंत्रण दे रहे हैं। उनके जनसंपर्क अभियान से युवा कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह है। कुरुक्षेत्र विवि के नजदीक कंट्रीसाइड पैलेस में होने वाले इस सम्मेलन में युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष निशीत कटारिया मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

खबर संक्षेप

शिविर का सफल आयोजन किया

अंबाला। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशानुसार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, जलबेहड़ा में एक विशेष विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पीएलवी (पैरा लीगल वालंटियर) कविता आहलुवालिया द्वारा मिले आदेशों की अनुपालना में आयोजित किया गया। शिविर के दौरान मुख्य रूप से निम्नलिखित महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। साइबर अपराध और डिजिटल अरेस्ट- बढ़ते साइबर फ्रॉड और फर्जी डिजिटल अरेस्ट के खतरों से बचने के उपाय बताए।

धान की खरीद का कार्य निरंतर जारी

अंबाला। जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक जितेश गोयल ने बताया कि जिला में धान खरीद कार्यों से सबंधितत सभी मंडियों में कार्य सुचारू रूप जारी हैं। सभी 15 मंडियों में धान उठान का कार्य भी बेहतर तरीके से किया जा रहा हैं। जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक ने बताया कि 21 अक्तूबर शाम 5 बजे तक जिला की मंडियों में धान की 357900.44 मिट्रिक टन आवक आ चुकी हैं। इसमें से विभिन्न एजेंसियों द्वारा 315322 मिट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। कुल 220221 मीट्रिक टन धान का उठान भी हो चुका है। उन्होंने यह भी बताया कि खाद्य आपूर्ति विभाग एवं एजेंसियों द्वारा 216630 मीट्रिक टन धान की खरीद की गई है।

राशन डिपो के आवंटन में मिलेगा आरक्षण

अंबाला। जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक ने बताया कि जिला के गरीब एंव पात्र परिवारों को राशन प्राप्त करने हेतु उचित मूल्य की दुकानो (राशन डिपुओ) तक पहुंचने में होने वाली कठिनाईयों, विशेषकर मौजूदा राशन डिपुओ से दूर स्थित क्षेत्रो में रहने वाले परिवारों की समस्याओं के समाधान, युवाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर सृजित करने तथा महिलाओ के सशक्तिकरण के उदेश्य से खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा राज्य में 2651 रिक्त उचित मूल्य की दुकानों के लिए डिपो लाइसेंस जारी करने हेतु ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित करने के लिए पोर्टल का शुभारंभ कर दिया गया है। उक्त लाइसेंसों के आवंटन में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है। उचित मूल्य की दुकानों के ऑनलाईन आवेदन हेतु अंतिम तिथि 10 नवंबर, 2026 निश्चित है।

स्वरोजगार के लिए मिलेगा ऋण

अंबाला। हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम द्वारा अनुसूचित जाति के बेरोजगार व्यक्तियों को स्वरोजगार स्थापित करने हेतु विभिन्न ऋण योजनाओं के अंतर्गत ऋण उपलब्ध करवाए जाएंगे। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक की परिवार पहचान पत्र पीपीपी आईडी के अनुसार वार्षिक पारिवारिक आय 3 लाख रुपए तक, आयु 18 वर्ष से 45 वर्ष तथा हरियाणा राज्य का स्थाई निवासी होना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त आवेदक किसी बैंक, सरकारी वित्तीय संस्था अथवा निगम का पूर्व से डिफाल्टर नहीं होना चाहिए।

अब पीने के पानी का गहराएगा संकट, ऊर्जा मंत्री विज बोले-हड़ताल का रास्ता छोड़कर हमारे साथ आएं कर्मचारी

20 घंटे से बिजली गुल, ब्लैकआउट की स्थिति बनी जनजीवन पर बुरा असर, शासकीय सेवाएं बाधित

कई घंटे तक बिजली गुल होने के कारण इनवर्टर दे गए जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

बिजली कर्मचारियों की हड़ताल के कारण जिले में ब्लैकआउट की स्थिति बन गई है। पिछले करीब 20 घंटों से जिले में बिजली की आपूर्ति ठप है। इसकी वजह से जनजीवन पर बुरा असर पड़ रहा है। ज्यादातर शासकीय कार्यालयों में काम नहीं हो पाया। खासतौर पर नगर निगम व तहसील ऑफिस में लोग धक्के खाते रहे। हालांकि जरनेटर के जरिए काम चलाने का प्रयास हुआ लेकिन ज्यादा देर तक बात नहीं बनी। ज्यादातर इलाकों में बुधवार रात करीब 11 बजे बिजली गुल होने से अंधेरा छा गया। रात को तो बिजली गुल होने से ज्यादा दिक्कत नहीं हुई लेकिन वीरवार को सुबह होते बिजली का संकट गहराने लगा। वीरवार शाम तक बिजली गुल रही। इसकी वजह से ज्यादातर रिहायशी इलाकों में अंधेरा छा गया। कई घंटे तक बिजली गुल होने के कारण इनवर्टर भी जवाब दे गए। बिजली न होने से अब पानी का संकट भी गहराने की संभावना जताई जा रही है। बिजली कर्मचारियों की हड़ताल के मद्देनजर प्रशासन और उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम की ओर से व्यवस्थाएं मजबूत बनाने की कसरत शुरू हो गई है। बिजली आपूर्ति ठप ठप होने वर अब स्वास्थ्य विभाग की ओर से अंबाला शहर व छावनी अस्पताल के जेनरेटर डीजल से फुल कर दिए गए हैं। छावनी व सिटी के नागरिक अस्पताल में चार-चार जेनरेटर हैं। दोनों अस्पतालों में इलेक्ट्रिशियन की 24 घंटे ड्यूटी लगा दी गई है। इसके अलावा जन स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिले में जहां-जहां बूस्टर लगे हैं, वहां जेनसेट का डीजल फुल करा दिया है। बिजली संबंधी किसी भी समस्या या शिकायत के त्वरित समाधान के लिए प्रशासन एवं बिजली निगम द्वारा नंबर जारी किए गए हैं। वहीं बिजली आपूर्ति को सुचारू और निर्बाध बनाए रखने के लिए उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बिजली निगम के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक अहम समीक्षा बैठक की।



अंबाला। बिजली संकट को लेकर लोगों से बातचीत करती चित्रा सरवारा।



अंबाला। बिजली आपूर्ति बाधित रहने से नाराज होकर जाम लगाते दुकानदार।

जनता और कर्मचारी अंधेरे में, निजी कंपनी की दिवाली: चित्रा

अंबाला। प्रदेश में बिजली आपूर्ति बाधित होने और बिजली व्यवस्था के निजीकरण को लेकर उठ रहे सवालों पर चित्रा सरवारा ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि एक ओर अंबाला छावनी सहित प्रदेश के विभिन्न इलाकों में लोग बिजली संकट से जूझ रहे हैं। दूसरी ओर सरकार बिजली व्यवस्था को निजी हाथों में सौंपने की दिशा में आगे बढ़ रही है। यह फैसला न केवल बिजली कर्मचारियों के भविष्य, बल्कि आम उपभोक्ताओं, गरीब परिवारों और किसानों के हितों से भी जुड़ा है। सरवारा ने कहा कि रोटी, कपड़ा और मकान के साथ बिजली भी जीवन की बुनियादी जरूरत बन चुकी है। बिजली के बिना घरों में पेयजल आपूर्ति से लेकर कारोबार, उद्योग और रोजमर्रा की गतिविधियां तक प्रभावित होती हैं। ऐसे में त्योहारों के बीच बिजली की अनियमित आपूर्ति लोगों की परेशानियां बढ़ा रही है और सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करती है। अंबाला छावनी के वार्ड नंबर-5 में पहुंचकर उन्होंने स्थानीय सदस्य जीवन कुमार और वार्डवासियों से बातचीत की। लोगों ने बताया कि पिछली रात 12 बजे से बिजली आपूर्ति बाधित है। उन्होंने कहा कि अब उन्हें अंबाला के अन्य इलाकों से भी लगातार शिकायतें मिल रही हैं। बिजली के अभाव में लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है, कारोबार प्रभावित हो रहा है और पेयजल आपूर्ति तक बाधित हो रही है। इस दौरान उनके साथ वार्ड सदस्य सोनू गुज्जर,राहुल सोनकर वीरू, जीवन कुमार,नीलम कश्यप,विशेष धीमान,सोनू निरंकारी,मनीष मेहता,पुनीत,जसविंदर काका,गुरप्रीत सिंह और अन्य साथी मौजूद रहे।

परेशान दुकानदारों ने मुख्य बाजार में लगाया जाम

बराड़ा। बिजली कर्मचारियों की हड़ताल के बीच कस्बे में दिनभर बिजली आपूर्ति बाधित रहने से आमजन और व्यापारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह से बिजली का इंतजार कर रहे दुकानदारों का सब्र शाम होते-होते जवाब दे गया। कारोबार प्रभावित होने और आर्थिक नुकसान की चिंता के चलते गुस्साए दुकानदारों ने शाम करीब 6:30 बजे मुख्य बाजार में सड़क पर उतरकर जाम लगा दिया। इससे बाजार में यातायात भी प्रभावित हुआ। जाम की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी रामकरण और पुलिस चौकी प्रभारी शीशपाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने दुकानदारों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और बिजली आपूर्ति बहाल करवाने के लिए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद दुकानदारों ने जाम खोल दिया। दुकानदारों ने रोष जताते हुए कहा कि सुबह से बिजली आपूर्ति ठप होने के कारण उनका कामकाज पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। बिजली के बिना दुकानों में काम करना मुश्किल हो गया है। वहीं, शाम ढलने के साथ बाजार में अंधेरा छाने लगा, जिससे ग्राहकों की आवाजाही और कारोबार दोनों पर असर पड़ा। दुकानदारों ने कहा कि दिनभर बिजली न मिलने से उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। साथ ही, दुकानों में रखे कुछ सामान के खराब होने की आशंका भी बनी हुई है। व्यापारियों ने बिजली आपूर्ति बाधित रहने पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब आसपास के क्षेत्रों में बिजली चल रही है तो बराड़ा में आपूर्ति क्यों बंद है। यदि किसी तकनीकी खराबी या ब्रेकडाउन के कारण बिजली बंद है तो विभाग को स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए, ताकि लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

हम पूरी तरह से अधिकारियों के साथ: विज

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने गुरूग्राम व नूंह में बिजली वितरण के लिए दिए लाईसेंस के विरोध में हरियाणा बिजली कर्मचारियों की हड़ताल को लेकर कहा कि हमने सारा इंतजाम किया है। यह जो हड़ताल की जा रही है वो बेवजह है। प्रदेश बिजली विनियामक आयोग ने आदेश दिया है कि निजी कंपनी को बिजली दी जाए। हालांकि विनियामक के सामने हमने बड़ा वकील खड़ा करके और विभाग ने पूरी ताकत से उस कंपनी का विरोध किया है। मगर यह स्वायत्त संस्था है, हमने बिजली निजीकरण के लिए कोई आवेदन नहीं मांगा था, लेकिन यह केंद्रीय एक्ट है जिसमें यह प्रावधान है कि कोई भी व्यक्ति, कोई भी कंपनी आवेदन लगा सकती है कि हमें बिजली दी जाए। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि वह स्वयं निजीकरण के खिलाफ है क्योंकि हमारा इतना पैसा व ढांचा लगा है, कर्मचारियों की नौकरी का सवाल है इसलिए हमने इसका डटकर विरोध किया, मगर फैसला हमारे खिलाफ आया और इस फैसले की हम विद्युत अपीलीय न्यायाधिकरण (एपीटीईएल) में अपील कर रहे हैं। हम कोशिश कर रहे हैं कि जल्दी वहां से विनियामक के आदेश के खिलाफ स्टे हासिल करें। विज ने कहा कि वह कर्मचारी नेताओं को यह कहना चाहते हैं कि हड़ताल करना तब बनता जब हम अपील न करते, अपील करने के लिए 45 दिन का समय होता है, मगर हम पूरी तरह से अधिकारियों के साथ लगे है ताकि 5-6 दिन में यह अपील दायर कर स्टे हासिल कर लें। कर्मचारियों साथियों से वह कहना चाहते हैं कि हड़ताल का रास्ता छोड़कर वह हमारे साथ आएं। केस तैयार कराने के लिए यदि हमारे वकील को कोई राय देना चाहते हैं तो वह दे। वो अपना वकील खड़ा करना चाहते हैं तो वह खड़ा करें या वो कोई और वकील का सुझाव देना चाहते है तो बताएं हम वह वकील हायर कर लेंगे। उन्होंने कहा कि लड़ना तो कोर्ट में पड़ेगा क्योंकि यह विनियामक है, कुछ नासमझ लोग कह रहे हैं कि सरकार ने बिजली दी और सरकार अपील में जा रही है, ऐसा नहीं हो सकता। यह सरकार नहीं विनियामक है समझ नहीं है तो एक्ट लेकर पढ़ लें।



पिहोवा। काबू किए गए आरोपी।

आरोपियों से 5 लाख कीमत की 25 ग्राम हेरोइन बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

कुरुक्षेत्र पुलिस ने नशीला पदार्थ रखने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस एंटी नारकोटिक सैल की टीम ने नशीला पदार्थ रखने के आरोपी संदीप कुमार उर्फ दीपू व कुनाल उर्फ आशीष शर्मा उर्फ सम्भु वासीयान कस्बा पेहवा जिला कुरुक्षेत्र को गिरफतार करके करीब 5 लाख कीमत की 25 ग्राम हैरोइन बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी उप निरीक्षक सतविन्द्र सिंह के मार्गनिर्देश में एसआई महिन्द्र सिंह, सहायक उप निरीक्षक सुशील कुमार,धर्मबीर सिंह, बलदेव सिंह, मुख्य सिपाही राकेश कुमार, नसीब सिंह व चालक सिपाही सचिन कुमार की टीम अपराध की तलाश में पेहवा चौक पेहवा मौजूद थी। पुलिस टीम को सूचना मिली कि सन्दीप कुमार व आशीष शर्मा वासी पिहोवा के रहने वाले हैं और हैरोईन बेचने का काम करते हैं।

हेरोइन बरामद

अगर तुरंत आशीष के कमरा मोगडिया मोहल्ला पेहवा पर रेड की जाए तो सन्दीप कुमार व आशीष शर्मा से काफी मात्रा में हेरोइन बरामद हो सकती है। सूचना पर अधिकारियों से अनुमति प्राप्त करके पुलिस टीम आशीष शर्मा के कमरा की तलाशी लेने हेतु मोगडियां मोहल्ला पेहवा पर पहुंची जहां पर कमरा के अन्दर दो नौजवान लड़के बैड पर बैठे मिले जिनको काबू किया।

शरद पूर्णिमा 25 को मनाई जाएगी, मां लक्ष्मी की आराधना से सुख की कामना

- वृद्धि और हर्षण और गजकेसरी योग सहित बनेंगे शुभ संयोग, चंद्रमा की रोशनी में रखी जाएगी खीर; 26 अक्टूबर को होगा स्नान-दान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हिंदू धर्म में शरद पूर्णिमा का पर्व विशेष धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व रखता है। इसे कोजागरी पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, शरद पूर्णिमा की रात मां लक्ष्मी पृथ्वी पर विचरण करती हैं और जागकर उनकी आराधना करने वाले भक्तों पर अपनी कृपा बरसाती हैं। इस वर्ष शरद पूर्णिमा का पर्व 25 अक्टूबर, रविवार की रात मनाया जाएगा। इस अवसर पर मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना, चंद्रदेव की उपासना और खीर का प्रसाद तैयार करने की परंपरा निभाई जाएगी। गायत्री ज्योतिष अनुसंधान केंद्र के संचालक पंडित रामराज कौशिक ने बताया की ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार, इस बार शरद पूर्णिमा पर वृद्धि और हर्षण योग सहित कई शुभ संयोगों का उल्लेख किया जा रहा है। चंद्रमा और गुरु की केंद्र भाव में स्थिति से गजकेसरी योग बनने की भी ज्योतिषीय मान्यता है। वहीं, तुला राशि में सूर्य बुध और शुक्र की युति को लक्ष्मी-नारायण योग के रूप में देखा जा रहा है। धार्मिक मान्यताओं में इन योगों को सुख, समृद्धि, सौभाग्य और सकारात्मकता से जोड़कर देखा जाता है। रामराज कौशिक ने बताया की पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, समुद्र मंथन के दौरान अनेक दिव्य रत्नों और अमृत के साथ मां महालक्ष्मी का प्राकट्य हुआ था। इसी कारण मां लक्ष्मी की आराधना के लिए पूर्णिमा तिथि को विशेष महत्व दिया जाता है। श्रद्धालु इस दिन घरों और मंदिरों में दीप प्रज्वलित कर माता लक्ष्मी, भगवान विष्णु और चंद्रदेव की पूजा करते हैं। मान्यता है कि श्रद्धा और विधि-विधान से की गई पूजा से परिवार में सुख-शांति और समृद्धि की कामना पूर्ण होती है।

चंद्रमा की रोशनी में खीर रखने की परंपरा



रामराज कौशिक

शरद पूर्णिमा पर दूध और चावल से बनी खीर को चंद्रमा की रोशनी में रखने की परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है। धार्मिक विश्वास है कि इस रात चंद्रमा की किरणें अमृतमयी होती हैं और उनकी रोशनी में रखी खीर विशेष गुणों से युक्त हो जाती है। इसे अगले दिन परिवार के सदस्यों में प्रसाद के रूप में वितरित किया जाता है। पंचांग संबंधी दी गई गणना के अनुसार, पूर्णिमा तिथि 25 अक्टूबर को सुबह 11 बजकर 55 मिनट पर शुरू होगी और 26 अक्टूबर को सुबह 9 बजकर 41 मिनट पर समाप्त होगी। रात्रि में पूर्णिमा तिथि विद्यमान रहने के कारण कोजागरी पूजा और चंद्रमा की आराधना 25 अक्टूबर की रात की जाएगी। वहीं, 26 अक्टूबर को पूर्णिमा तिथि के समापन से पहले स्नान-दान करने की परंपरा निभाई जा सकती है। 25 अक्टूबर को सर्वार्थ सिद्धि योग शाम 7 बजकर 22 मिनट से 26 अक्टूबर की सुबह 6 बजकर 29 मिनट तक रहने की गणना दी गई है। चंद्रोदय का समय शाम लगभग 5 बजकर 40 मिनट बताया गया है, हालांकि इसमें स्थान के अनुसार अंतर हो सकता है। खीर को चंद्रमा की रोशनी में रखने के लिए रात 8 बजकर 30 मिनट से मध्यरात्रि तक का समय शुझाया गया है।



मुलाना। विकास कार्यों का उद्घाटन करती विधायक पूजा व अन्य।

विधायक पूजा ने विभिन्न गांवों में विकास कार्यों का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

विधायक पूजा ने हलके के विभिन्न गांवों के विकास कार्यों का उद्घाटन पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह सिरसगढ़ में किया। इस दौरान उन्होंने डूलियाना, रजौली, कसेरला खुर्द, पोंटी, सिरसगढ़, जफरपुर, कांसापुर और थंबड़ के पूर्ण हुए विकास कार्यों का उद्घाटन कर ग्रामीणों को विकास कार्यों की सौगात दी। इस अवसर पर विधायक पूजा ने कहा कि जनता ने उन्हें हलके की सेवा करने और क्षेत्र का विकास करवाने की जिम्मेदारी सौंपी है। विपक्ष में होने के बावजूद मुलाना हलके के विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी। उनका लक्ष्य हलके के प्रत्येक गांव तक विकास कार्यों को पहुंचाना और लोगों की समस्याओं का समाधान करवाना है। विधायक पूजा ने कहा कि हलके का विकास उनकी प्राथमिकता है। हलकावासियों के सहयोग और समर्थन से विकास कार्यों को लगातार आगे बढ़ाया जाएगा। वह जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को सुनने और उन्हें दूर करवाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि गांवों में मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने और लोगों की जरूरतों के अनुसार विकास कार्य करवाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जनहित के कार्यों के लिए वह हमेशा तत्पर हैं। हलके की जनता के विश्वास पर खरा उतरना उनकी प्राथमिकता है। विकास कार्यों को गति देने के लिए ग्रामीणों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं का सहयोग महत्वपूर्ण है।

वृद्धजनों को स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

थानेसर। श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान एवं कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के मार्गदर्शन में शल्य तंत्र विभाग द्वारा विश्व ऑस्टियोपोरोसिस दिवस के उपलक्ष्य में प्रेरणा वृद्धाश्रम, कुरुक्षेत्र में अस्थि स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान वृद्धजनों को हड्डियों के स्वास्थ्य, ऑस्टियोपोरोसिस की समय पर पहचान तथा फ्रैक्चर के जोखिम को कम करने के प्रति जागरूक किया गया। शल्य तंत्र विभाग की चेयरपर्सन डॉ. अनामिका ने बताया कि शिविर के दौरान कुल 51 बुजुर्गों की बीएमडी स्क्रीनिंग की गई। स्क्रीनिंग में अधिकांश व्यक्तियों में ऑस्टियोपीनिया मिला, जबकि कुछ बुजुर्गों में गंभीर ऑस्टियोपोरोसिस के संकेत मिले। ऐसे व्यक्तियों को हड्डियों के स्वास्थ्य के प्रति विशेष सावधानी बरतने, आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श लेने तथा डॉक्टर की सलाह के अनुसार आगे की जांच एवं उपचार करवाने की सलाह दी गई।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान को लेकर कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन

पदयात्रा निकालकर मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान के तहत अंबाला शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विनोद धीमान द्वारा सैनी भवन से पुरानी अनाज मंडी तक जोरदार पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चुनाव प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं और वोट चोरी के आरोपों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया तथा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंका। इस दौरान केंद्र सरकार और चुनाव आयोग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए लोकतंत्र और मताधिकार की रक्षा का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सह-प्रभारी जितेंद्र बघेल और राज्यसभा सांसद एवं वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान के जिला प्रभारी कर्मवीर बौद्ध तथा अंबाला शहर के विधायक चौधरी निर्मल सिंह सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। राज्यसभा सांसद कर्मवीर बौद्ध ने भाजपा और चुनाव आयोग पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि प्रदेश की जनता कांग्रेस की सरकार बनाना चाहती थी लेकिन कथित वोट चोरी के जरिए भाजपा सत्ता में आई। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण के नाम पर बड़ी संख्या में मतदाताओं के वोट काटे जाने की शिकायतें लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय हैं। बौद्ध ने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा भाजपा की सरकार बनने को लेकर दिए गए बयानों ने चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल खड़े किए। उन्होंने चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया पर भी आपत्ति जताते कहा कि नियुक्ति संबंधी व्यवस्था में सुप्रीमकोर्ट को शामिल करने वाली पुरानी व्यवस्था में बदलाव से संस्थागत स्वतंत्रता को लेकर चिंताएं बढ़ी हैं।



अंबाला। रोष मार्च में शामिल कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता।

स्वतंत्रता कमजोर करने से बढ़ा अविश्वास

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सह-प्रभारी जितेंद्र बघेल ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2024 के बाद चुनाव संबंधी कानूनों और व्यवस्थाओं में किए गए बदलावों पर गंभीर सवाल उठाए जाने चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयुक्तों की जवाबदेही और चुनाव आयोग की स्वतंत्रता को लेकर लगातार चिंताएं सामने आ रही हैं। बघेल ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी लंबे समय से कथित वोट चोरी और मतदाता सूची में अनियमितताओं का मुद्दा उठा रहे हैं।यदि मतदाता को अपने वोट की सुरक्षा पर ही संदेह होने लगे, तो यह लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए चिंताजनक स्थिति है। कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे को सड़क से लेकर सदन तक उठाती रहेगी और मताधिकार की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेगी।

सवाल उठाए

अंबाला शहर के विधायक चौधरी निर्मल सिंह ने हरियाणा विधानसभा चुनाव की मतदान प्रक्रिया का उल्लेख करते हुए मतदान प्रतिशत से संबंधित आंकड़ों में कथित बदलाव पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि मतदान प्रतिशत के आंकड़ों को लेकर पारदर्शिता और स्पष्टता जरूरी है, क्योंकि चुनावी आंकड़ों पर जनता का विश्वास लोकतंत्र की बुनियाद है। उन्होंने आरोप लगाया कि हरियाणा में भाजपा सरकार के कार्यकाल में कानून-व्यवस्था, शिक्षा-जनसुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर जनता परेशान है।